**खबर संक्षेप**

### ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प में 120 विद्यार्थियों ने कराया पंजीयन





**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज शहडोल परिसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता को ध्यान में रखते हुए ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और वाहन चलाते समय सुरक्षा उपायों की महत्ता समझाई गई। कार्यक्रम में यातायात प्रभारी रामजी भगत ने विद्यार्थियों से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें, यदि आवश्यक हो तो वाहन को किनारे लगाकर ही मोबाइल का प्रयोग करें। साथ ही सड़क पार करने में सावधानी बरतने और वैध दस्तावेज रखने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती अनपा खान ने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस सड़क सुरक्षा की दिशा में नागरिकों की सजगता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। यह न केवल चालक की पहचान और योग्यता का प्रमाण है, बल्कि कानूनी दृष्टि से भी अनिवार्य दस्तावेज है।* उन्होंने युवाओं से अपील की कि वाहन चलाने से पहले ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य बनवाएं और यातायात नियमों का पालन करें। कैम्प के दौरान 120 विद्यार्थियों ने ड्राइविंग लाइसेंस हेतु पंजीयन कराया।

### 402 ग्रामों का ग्राम विजन प्लान गांधी जयंती पर होगा अनुमोदित

**शहडोल।** जिले में धरती आबा आदि कर्मयोगी अभियान को नई दिशा देने की तैयारी तेज हो गई है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले के 5 जनपद पंचायतों के 402 ग्रामों में तैयार ग्राम विजन प्लान का अनुमोदन आगामी 02 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में कराया जाए। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा ने बताया कि इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिला स्तर पर 7 मास्टर ट्रेनर और जनपद स्तर पर 25 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। इसके साथ ही 17 से 21 सितम्बर तक फ्रंटलाइन वर्कर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाएगा। वहीं 24 से 27 सितम्बर के बीच 402 ग्रामों का ग्राम विजन प्लान तैयार करने का विशेष अभियान चलेगा। कलेक्टर ने सभी एसडीएम और सीईओ जनपद पंचायत को इस कार्य का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इस अभियान में सीएसओ, एनजीओ और जन अभियान परिषद का भी सक्रिय सहयोग लिया जाएगा। योजना के अंतर्गत चयनित ग्रामों में आदि सेवा केंद्रों की स्थापना की जाएगी, जिससे गांवों में विकास कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन और निगरानी संभव हो सके। बैठक में जिला समन्वयक जन अभियान परिषद विवेक पांडेय, मंडल संयोजक राजेंद्र तिवारी सहित विभिन्न एनजीओ प्रतिनिधि मौजूद रहे। कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान महज एक कागजी कार्यवाही न होकर ग्रामों के वास्तविक विकास की आधारशिला बनेगा। यह कदम न सिर्फ गांवों की जरूरतों के अनुसार विजन प्लान तैयार करेगा, बल्कि गांधी जयंती जैसे विशेष दिन पर अनुमोदन कराकर इसे सामुदायिक भागीदारी से जोडने की अनूठी पहल भी साबित होगा।



### मोहन सरकार माफियाओं की सरकार: पटवारी

# माफियाओं का तांडव, सरकार की चुप्पीः जीतू पटवारी ने खोली पोल

**संजय पाठक पर आरोपः जज को धमकाने वाला विधायक, कैसे बचेगा?**

**खाद-संकट पर जीतू पटवारी ने कलेक्टर को लगाया फोन**

उमरिया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपने अल्प प्रवास के दौरान उमरिया में मोहन सरकार को सीधे-सीधे माफिया की सरकार करार दिया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था, किसानों की स्थिति, खनन और खाद वितरण से लेकर भाजपा विधायक संजय पाठक तक पर तीखे प्रहार किए। पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश में लोकतंत्र को छलने, माफियाओं को संरक्षण देने और किसानों को लाठियां खिलाने का खेल खुलेआम चल रहा है। प्रदेशाध्यक्ष का यह दौरा राहुल गांधी की हालिया प्रेस कॉन्फ्रेंस की गूंज के साथ शुरू हुआ। राहुल गांधी ने कर्नाटक के उदाहरण से चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे। श्री पटवारी ने इसे आगे बढ़ाते हुए कहा राहुल गांधी ने देश के सामने यह स्पष्ट किया है कि आम नागरिक का वोट चोरी किया जा रहा है। चुनाव आयोग भाजपा का एजेंट बन चुका है, क्योंकि उसकी नियुक्ति अब प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की जोड़ी करती है। पहले यह जिम्मेदारी सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और विपक्ष के नेता के साथ साझा होती थी। अब सबकुछ भाजपा के हाथों में कैद है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर राहुल गांधी के आरोप बेबुनियाद होते तो चुनाव आयोग जवाब देता, लेकिन अब तक उसकी जगह भाजपा जवाब दे रही है। उन्होंने इसे लोकतंत्र के खिलाफ बड़ी साजिश करार दिया और मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के लिए महाअभियोग लाने की जरूरत बताई।

#### किसानों के बीच पहुंचकर जताई नाराजगी

उमरिया के खाद गोदाम पर पहुंचे पटवारी ने किसानों से उनकी समस्याओं को सुना। किसानों ने यूरिया खाद की किल्लत और वितरण में अनियमितता की शिकायत की। इस पर पटवारी ने तत्काल जिले के कलेक्टर को फोन कर समाधान सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा मोहन सरकार कहती कुछ और है, लेकिन धरातल पर तस्वीर बिलकुल उलट है। किसान एक बोरी यूरिया के लिए लाइन में खड़े होकर लाठियां खा रहा है। उमरिया में एक किसान पर गंभीर हमला हो गया, लेकिन प्रशासन हाथ पर





हाथ धरे बैठा है। श्री पटवारी ने इसे किसानों के प्रति अन्याय और सरकार की नाकामी बताते हुए चेतावनी दी कि कांग्रेस इस मुद्दे को सडक़ से सदन तक उठाएगी।

#### संजय पाठक और माफिया पर तीखा हमला

मीडिया से बातचीत के दौरान पटवारी ने भाजपा विधायक संजय पाठक पर भी बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा संजय पाठक ने अपने केस में जज को धमकाया है, इस पर उन्हें जेल जाना तय है। आदिवासियों की जमीन खरीदी गई और सरकार चुप है। पूरा प्रदेश बालू माफिया, शराब माफिया और खनिज माफिया के चंगुल में है। मोहन यादव के सिर पर माफियाओं का तांडव है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। उन्होंने जिलों के कलेक्टरों पर भी हमला बोला और कहा कि वे किसानों और आम जनता के बजाय उद्योगपतियों के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं।

#### मीडिया मैनेजमेंट की सरकार

श्री पटवारी ने राज्य सरकार पर मीडिया मैनेजमेंट का आरोप लगाते हुए कहा पूरे मध्यप्रदेश में करप्शन की गूंज है। शहडोल में मैंने खुद खनन माफिया को पकडक़र देखा। एक ट्रक पर चढक़र रॉयल्टी पूछी, लेकिन सही जानकारी नहीं मिली। साफ है कि पुलिस और प्रशासन माफिया से मिलीभगत करके जनता का पैसा लूट रहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का पूरा सिस्टम माफियाओं को बचाने और उनसे हिस्सा लेने में व्यस्त है। यही वजह है कि अवैध रेत, बजरी, शराब और जमीन के धंधे खुलेआम चल रहे हैं।

#### मोदी सरकार पर भी हमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया जन्मदिन पर बताए गए तीन विजन को पटवारी ने सिर्फ जुमला करार दिया। उन्होंने कहा मोदी जी मंच से जो कहते हैं, धरातल पर उसका नामोनिशान नहीं है। देश की अर्थव्यवस्था संकट में है, बेरोजगारी चरम पर है और महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। ऐसे में विजन नहीं, ठोस काम चाहिए।

#### पटवारी का बड़ा संदेश

उमरिया प्रवास के दौरान जीतू पटवारी ने अपने आक्रामक तेवरों से यह साफ कर दिया कि कांग्रेस प्रदेश में सरकार और माफिया गठजोड़ के खिलाफ सडक़ पर उतरने को तैयार है। उन्होंने किसानों से जुड़ी समस्याओं को सीधा प्रशासन तक पहुंचाकर यह संदेश भी दिया कि कांग्रेस मुद्दों की राजनीति करेगी। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा यह लड़ाई सिर्फ कांग्रेस की नहीं है, यह हर उस आम नागरिक की लड़ाई है जिसका हक भाजपा सरकार छीन रही है। राहुल गांधी ने पहले भी हक की लड़ाई लड़ी थी और आगे भी लड़ेंगे। हम चुप नहीं बैठेंगे, चाहे सडक़ पर उतरना पड़े या सदन में हंगामा करना पड़े।

## रिजनल वर्कशॉप में धूमधाम से सम्पन्न हुई विश्वकर्मा जयंती, भंडारे में उमड़ी भीड़



**धनपुरी।** एसईसीएल मुख्यालय में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 सितम्बर 2025 को आदिशिल्पी भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। सोहागपुर एरिया के अंतर्गत रिजनल वर्कशॉप धनपुरी में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर आकर्षक झाँकी सजाई गई और पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

आदिकाल से ही अभियंता और शिल्पकला के देवता माने जाने वाले भगवान विश्वकर्मा को स्मरण करते हुए श्रद्धालुओं ने न केवल पूजा की बल्कि कार्यस्थलों की उन्नति और सुरक्षा की भी कामना की। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार विश्वकर्मा भगवान ने स्वर्गलोक से लेकर लंकापुर, कैलाश और द्वारिका जैसे भव्य महलों का निर्माण किया था, इसलिए उन्हें उच्च कोटि का अभियंता माना जाता है।

पूजन के उपलक्ष्य में रिजनल वर्कशॉप परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें स्वादिष्ट भोग-प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कर्मचारी, अधिकारी, क्षेत्रवासी, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे और सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक संदीप एस. परांजापे, जनरल मैनेजर (ऑपरेशन) मनीष श्रीवास्तव, एपीएम बलराम हेमरम, रिजनल वर्कशॉप पंडित अजय द्विवेदी, डॉ. एहताशाम हुसैन सिद्दीकी, अपूर्व श्रीवास्तव, के.एल. राठौर, पंकज पाठक, कैलाश तिवारी सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। पूरे आयोजन में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक सौहार्द का अनूठा संगम देखने को मिला।

## छात्रों के दबाव में झुका प्रशासनः 4 से बढ़ी 5 बसें



**शहडोल।** पं. शंभूनाथ विश्वविद्यालय में छात्रों की लगातार उपेक्षा पर आखिरकार युवा कांग्रेस के नेतृत्व में दिया गया दबाव रंग लाया। नगर उपाध्यक्ष सुहैल आलम के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा, जिसके बाद तत्काल प्रभाव से बसों की संख्या 4 से बढ़ाकर 5 करने का निर्णय लिया गया। छात्र नेता सुहैल आलम और ऋषभ ठाकुर ने बताया कि नवलपुर कैंपस तक प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी सफर करते हैं, लेकिन सीमित बसों के कारण छात्रों को ठसाठस भरे हालात में यात्रा करनी पड़ती थी। कई बार छात्र समय पर कक्षाओं में नहीं पहुँच पाते थे और अकादमिक कार्य प्रभावित होते थे। उन्होंने कहा कि यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई थी, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन लगातार चुप्पी साधे रहा। ज्ञापन सौंपे जाने के बाद कुलपति को छात्रों की पीड़ा सुननी पड़ी और मजबूरी में प्रशासन ने बसों की संख्या बढ़ाने की घोषणा की। छात्र नेताओं ने स्पष्ट कहा कि यह केवल बसों की नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की लापरवाही का उदाहरण है। जब तक छात्र सडक़ पर न उतरें, तब तक प्रशासन को सुध नहीं आती, यही छात्रों का आरोप है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से छात्र नेता ऋषभ ठाकुर, राज मिश्रा, कृष्णा यादव, अनिरुद्ध उपाध्याय, आदर्श द्विवेदी, आदित्य सिंह, रवि गुप्ता, सैफ खान, प्रिंस साहू, अजित यादव, धनराज पटेल, हेमंत जोगी, कृष्णा गुप्ता, मोहम्मद अयन खान, अविनाश कोल, ओम मेहरा, संजना गुप्ता, संजीता, शिवू गुप्ता, आरती राठौड़, पृथ्वी राठौड़, मोनी टंडिया सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि आगे भी छात्रों की समस्याओं पर प्रशासन ने ढिलाई बरती, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

### पत्नी की नृशंस हत्या करने वाले को उम्रकैद की सजा

**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र में पत्नी की बेरहमी से हत्या करने वाले आरोपी गयादीन बैगा को अपर सत्र न्यायाधीश बुढ़ार की अदालत ने आजीवन कारावास एवं 5000 के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह मामला जिला न्यायालय ने

***चिन्हित एवं जघन्य सनसनीखेज अपराध की श्रेणी में दर्ज किया था।***

मामला 14 जनवरी 2024 का है। उस दिन शाम करीब 4 बजे आरोपी गयादीन बैगा अपनी पत्नी चंदा बैगा से शराब और मुर्गे के लिए पैसे मांग रहा था। पैसे देने से इंकार करने पर उसने घर में पड़े डंडे से पत्नी पर ताबड़तोड़ वार किए। गयादीन यहीं नहीं रुका, उसने पास से फावड़ा उठाकर लगातार हमले किए। बेरहम प्रहारों से चंदा बैगा की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी पड़ोसी अंकित कुशवाहा ने 100 नंबर पर पुलिस को सूचना दी और मौके पर पहुंचकर देखा तो आरोपी पत्नी पर लगातार हमला कर रहा था। घटना के बाद गांव के अन्य लोग भी वहां पहुंचे। थाना बुढ़ार पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 302 भादवि के तहत मामला दर्ज कर जांच पूरी की और प्रकरण को अदालत में प्रस्तुत किया। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी कुबेन्द्र शाह ठाकुर ने सशक्त पैरवी की। प्रभारी जिला अभियोजन अधिकारी हरिओम कुसुमाकर बेस के मार्गदर्शन में प्रस्तुत साक्ष्यों और अंतिम बहस को स्वीकार करते हुए न्यायालय ने आरोपी गयादीन बैगा को कठोर सजा से दंडित किया। यह फैसला घरेलू हिंसा और नशे की मांग को लेकर उत्पन्न पारिवारिक कलह से हुए जघन्य अपराध पर न्यायालय की सख्त और स्पष्ट टिप्पणी माना जा रहा है।

## घर से लापता महिला का शव कुएं में मिलने से हडक़ंप

**लगभग 8 दिन पुरानी लाश, पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शुरू की जांच**

शहडोल। जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र में घर से लापता महिला का शव कुएं में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक महिला की पहचान सावित्री उम्र 32 वर्ष पत्नी बृजभान सिंह, निवासी भटीगंवा खुर्द के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार महिला 8 सितंबर से घर से लापता थी और उसके परिजनों ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी।

सूचना मिलने के बाद पुलिस गुम इंसान के रूप में मामला दर्ज कर महिला की तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार शाम को पुलिस को खबर मिली कि सरवारी गांव स्थित एक कुएं में महिला का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकालकर उसकी पहचान करवाई। कपड़े और अन्य वस्तुओं के आधार पर मृतक सावित्री की ही पुष्टि की गई। पुलिस ने बताया कि शव को संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में पाया गया है और महिला की हालत देखकर यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि उसकी मौत प्राकृतिक नहीं हो सकती। महिला की दीमकी अवस्था देखकर परिजनों और स्थानीय लोगों में गहरी चिंता है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और मर्ग कायम कर पुलिस अपनी पड़ताल शुरू कर चुकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा। पुलिस अब शव मिलने से जुड़े हर पहलू की जांच कर रही है, जिसमें महिला के घर से गायब होने का समय, कुएं तक शव पहुंचाने का तरीका और आसपास के लोगों से पूछताछ शामिल है। पुलिस ने स्थानीय लोगों और मीडिया से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाह से बचें और जांच के पूरा होने तक मामले को गंभीरता के साथ देखें।इस घटना ने क्षेत्र में भय और तनाव बढ़ा दिया है। परिजन और ग्रामीण महिला के अचानक और संदिग्ध ढंग से लापता होने और मृत मिलने के मामले में न्याय की मांग कर रहे हैं।



### छात्रों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**शहडोल।** स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत छात्रावासों, स्वास्थ्य संस्थाओ व अन्य निर्धारित केंद्रो में स्वास्थ्य शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी में मैदानी स्वास्थ्यकर्ताओ द्वारा अध्यनरत छात्राओ का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां वितरित की गई।

## स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार कार्यक्रम संपन्न, एक दिवसीय स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया

शहडोल।

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं जिला स्वास्थ्य इकाई के मार्गदर्शन में 17 सितम्बर को एक दिवसीय स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में मातृशक्ति की सहभागिता रही। विधायक सिंह ने कहा कि जब



नारी स्वस्थ और सशक्त होती है तभी समाज स्वस्थ और खुशहाल बनता है। उन्होंने नारी की भूमिका को माँ, पत्नी और बहन के रूप में समाज



का आधार बताते हुए वैदिक उद्धरण यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता का उल्लेख किया।

सिविल स्वास्थ्य केंद्र के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद प्रताप पटेल ने कार्यक्रम की थीम पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, ग्राम स्तर पर आयुष्मान आरोग्य केंद्रों की उपयोगिता, महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर और मातृशक्ति की सेहत सुधारने की दिशा में चल रही योजनाओं पर जानकारी दी। डॉ. पटेल ने स्त्री रोग विशेषज्ञ सेवाएँ, सिकल सेल परीक्षण, क्षय रोग उपचार, शिशु टीकाकरण तथा ग्रामीण अंचलों में कार्यरत महिला स्वास्थ्य स्टाफ की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य स्वास्थ्य सुविधाओं को जमीनी स्तर तक पहुँचाना है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही और उपस्थित जनसमुदाय को संदेश मिला कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सुदृढ़ समाज की नींव है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष सुशीला शुक्ला, भाजपा मण्डल अध्यक्ष जयश्री कचेर, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनारायण पाण्डेय, दीपक केशरवानी, जिला मंत्री कविता सिंह, पार्षद नीरज शर्मा, मण्डल महामंत्री अनुपम द्विवेदी, आदेश शुक्ला, हीरालाल पाल, बीपीएम अजयकांत पाण्डेय, मातृशक्तियों में देवकी सोनी, मीना पाण्डेय, रोशनी गुप्ता व अन्य स्थानीय जन, पत्रकारगण एवं स्वास्थ्य स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विजय दुबे द्वारा किया गया।

**खबर संक्षेप**

## मॉडिफाई साइलेंसर बाइक चालक के विरुद्ध की गई कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस द्वारा यातायात नियमों के पालन हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहन चालकों एवं बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल चालकों पर कार्यवाही की गई। इस दौरान दोपहिया वाहनों को पकड़ा जाकर चालानी कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी रामनगर ने बताया कि आमजन की शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध सतत कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही सभी वाहन चालकों से आग्रह किया गया है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, मानक साइलेंसर का ही उपयोग करें एवं अपने वाहन पर सही नंबर प्लेट लगवाएं।

## पिकअप में लोड अवैध कोयला परिवहन करते आरोपी पकड़ाया



**राजनगर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस द्वारा अवैध कोयला परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही की गई। 17 सितंबर को थाना रामनगर में पदस्थ प्रआर० द्वारा देहात भ्रमण के दौरान आमाडाड क्षेत्र में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 10 सी 1333 में अवैध कोयला लोड कर ले जाया जा रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर घेराबंदी कर वाहन को रोका गया। आरोपी चालक ने अपना नाम संतोष कुमार चौधरी उर्फ मुण्डा पिता धनीराम उर्फ घनई उम्र 42 वर्ष निवासी मुण्डा लपटा थाना जैतहरी' बताया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 60 बोरियों में लगभग 1.5 टन अवैध कोयला पाया गया, जिसके संबंध में चालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पिकअप वाहन एवं कोयला को साक्षियों की उपस्थिति में जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना रामनगर में अपराध क्रमांक 252/25 धारा 303(2) बीएनएस एवं 42/1 खान एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## बलिदान दिवस पर आदिवासी समाज ने निकाली रैली



**कोतमा।** 1857 की क्रांति के अमर शहीद गोंडवाना साम्राज्य के महाराजा शिरोमणि शंकरशाह मरावी एवं कुंवर रघुनाथ शाह मरावी के 18 सितम्बर को बलिदान दिवस पर आदिवासी समाज के द्वारा रैली निकालते हुए मनाया गया। रैली मे ग्राम पथरौडी से सुबह 10 बजे पिकअप वाहन पर अमर शहीद गोंडवाना सम्राज्य के महाराजा शिरोमणि शंकरशाह मरावी एवं कुंवर रघुनाथ शाह मरावी छायाचित्र लगाकर ग्राम पंचायत पथरौडी से केवई बैरियल होते हुए बसखली से मौहरी बसखला ठोंडहा मनमारी होते हुए गोहंड्रा मे भगवान विरसामुण्डा चौक पर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात आदिवासी समाज के द्वारा पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी नेता देवशरण सिंह, जनपद अध्यक्ष जीवन सिंह, देवनाथ सिंह, बीरान सिंह, सूरज अगरिया, श्रीमती देववती सिंह, नोहर सिंह, नोहर सिंह, उग्रसेन सिंह महेंद्र सिंह, भीमसेन सिंह, गणेश सिंह जोगन सिंह, श्रीमती प्रेमवती, शोभनीय सिंह सहित सभी आदिवासी समाज के लोग शामिल रहे।

### 4.5 करोड़ की लूट पर आखिर जांच क्यों ठप?

# पेंट घोटाले में विधायक की चुप्पी की चर्चा चौराहों पर

## जिला शिक्षा कार्यालय ने 3 साल में दिये एक फर्म को करोड़ों के काम अरविंद की पैठ के सामने प्रशासन हुआ खामोश

**शहडोल।** जिले का बहुचर्चित पेंट घोटाला अब ठंडे बस्ते में दबा दिए जाने की तैयारी में है। करोड़ों की हेराफेरी, फर्जी बिल, नियमों की धज्जियाँ, सरकारी खजाने की बंदरबांट-सबकुछ जनता की आंखों के सामने हुआ। फिर भी जिला प्रशासन खामोश है। करीब तीन महीने पहले जिला शिक्षा कार्यालय पर आरोप लगे कि स्कूलों की मरम्मत और रंगरोगन के नाम पर करोड़ों रुपये लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से लाए गए। जमीनी स्तर पर क्या काम हुआ? ग्रामीणों का कहना है कुछ भी नहीं! काम सिर्फ कागज पर दिखा, भुगतान पूरा कर दिया गया। एक स्कूल में महज चार लीटर पेंट दिखाकर 168 मजदूरों का भुगतान किया गया है, जो सीधे-सीधे जनता के टैक्स की लूट है।

### बार-बार ठेका, नियम ताक पर

पूरे जिले में सिर्फ सुधाकर कंस्ट्रक्शन को ठेके क्यों दिए गए, वर्ष 2022 से 2025 के बीच इसी फर्म को लगभग 4.5 करोड़ रुपये के काम सौंपे गए। निविदा प्रक्रिया का पालन नहीं, पारदर्शिता का नामोनिशान नहीं। खरीद नियमों की खुली धज्जियाँ उड़ाई गईं।

### अरविंद पांडे पर उंगली

इस पूरे खेल का सूत्रधार के आरोपों की सीधी उंगली अरविंद पांडे की तरफ उठ रही है। चर्चा है कि उन्होंने जिला शिक्षा कार्यालय और रमसा में अपना दबदबा दिखाकर ठेके दिलवाए। सवाल उठता है, क्या वे भाजपा के बड़े नेता के साढ़ू भाई हैं? अगर हां, तो क्या यही रिश्तेदारी उन्हें बचा रही है? अगर रिश्तेदारी भ्रष्टाचार का कवच बन चुकी




है, तो फिर कानून का अस्तित्व ही खत्म हो गया है।

### शिक्षा अधिकारी और प्रशासनिक मिलीभगत

जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मारपाची, संयुक्त संचालक उमेश धुर्वे और सुधाकर कंस्ट्रक्शन के कथित संचालक पर क्यों कार्रवाई करने में प्रशासन को पसीना आ रहा है। अब तो ऐसा लगने लगा है, मानो प्रशासन स्वयं इस घोटाले का हिस्सा बन चुके हैं। क्या पूरा तंत्र मिलकर जनता के पैसों का खेल खेल रहा है?

### विधायक शरद कोल की चुप्पी

सबसे बड़ा सवाल जनता के बीच यही है कि भाजपा विधायक शरद कोल की आवाज अचानक थम गई, जब घोटाला उजागर हुआ था, तो वे विधानसभा में दहाड़े थे। मीडिया के सामने कहा था कि भाजपा सरकार में कोई भ्रष्टाचार नहीं बचेगा। उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन अचानक उनके तेवर ठंडे पड़ गए? चर्चा है कि क्या उन पर दबाव डाला गया है या फिर पर्दे के पीछे




मैनेजमेंट हो गया?

### भाजपा की साख पर दाग

मुख्यमंत्री मोहन यादव सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति की दुहाई देती है, लेकिन शहडोल का यह घोटाला इस नीति की पोल खोल रहा है। क्या यह जीरो टॉलरेंस है कि करोड़ों की हेराफेरी पर कोई कार्रवाई ही न हो? क्या यह जीरो टॉलरेंस है कि विधायक, सांसद, अधिकारी सब खामोश हो जाएं? अगर भाजपा अपने ही रिश्तेदारों और नेताओं को बचाने में जुटी है तो यह पार्टी की साख पर गहरा धब्बा है।

### मीडिया ने खोली पोल, प्रशासन मौन

मीडिया रिपोर्ट्स और वायरल दस्तावेजों ने बिल और भुगतानों की पूरी परत खोली। फर्जी बिलिंग, जीएसटी की गड़बड़ी तक सामने आई। विभाग ने नोटिस जारी भी किए, लेकिन कार्रवाई कहां गई? नोटिसों में ही जांच फंसी रह गई। जिला प्रशासन का कोई बयान तक नहीं आया। अब तो ऐसा लगता है कि प्रशासन इन दस्तावेजों को फर्जी जेनरेटेड








बताने का बहाना खोज रहा है।

### जनता के सीधे सवाल

क्या 4.5 करोड़ रुपये जनता के टैक्स का दुरुपयोग नहीं हुआ? क्या भाजपा के रिश्तेदार होने का फायदा उठा रहे हैं अरविंद पांडे? क्या विधायक शरद कोल ने सच दबाने के लिए चुप्पी साध ली? क्या जिला प्रशासन भ्रष्टाचार के संरक्षण में शामिल है? क्या मोहन यादव सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति सिर्फ मजाक है?

### नियम के होनी चाहिए यह कार्यवाही?

धारा 420, 467, 468, 471 भादवि के तहत फर्जी बिल और कागजात बनाने वालों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज हो। लोकायुक्त/ईओडब्ल्यू जांच तत्काल शुरू हो और जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित किया जाए। जिन ठेकों में नियम तोड़े गए, उन सभी भुगतानों की रिकवरी हो और दोषियों की संपत्ति जब्त की जाए। शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों की जवाबदेही तय हो। विधायक और सांसद पर जनता को गुमराह करने के लिए राजनीतिक कार्रवाई हो।

### जनता के पैसो की लूट

शहडोल का पेंट घोटाला केवल वित्तीय घपला नहीं, बल्कि यह दिखाता है कि सत्ता, रिश्तेदारी और प्रशासनिक तंत्र मिलकर कैसे जनता के पैसों की लूट को अंजाम देते हैं। तीन महीने पहले जो घोटाला प्रदेश की राजनीति में भूचाल बन गया था, वह आज ठंडे बस्ते में है। अगर अब भी कार्रवाई नहीं हुई तो यह साफ हो जाएगा कि भ्रष्टाचार को बचाना ही सरकार और प्रशासन की असली नीति है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध पर जन जागरूकता रैली संपन्न





**उमरिया।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के द्वितीय दिवस 18 सितंबर को नगर पालिका परिषद् उमरिया द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सहयोग से स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ आदतें अपनाने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को त्यागने के लिए प्रेरित करना था। रैली का शुभारंभ कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। रैली मंगल भवन पार्किंग परिसर से प्रारंभ होकर शांति मार्ग, विनोबा मार्ग, गांधी चौक, मुरादगाह कैंप होते हुए वापस कन्या विद्यालय पहुंची। इस दौरान छात्राओं ने हाथों मंड 'स्वच्छता अपनाओ, प्लास्टिक हटाओ' के स्लोगन के माध्यम से लोगों से अपील की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ठाकुर, स्वच्छता प्रभारी नारायण दुबे, प्राचार्य ललन सिंह मरकाम एवं



अखिलेश सिंह, मनीषा कांड्रा ने रैली का नेतृत्व किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिसर में सभी छात्राओं, विद्यालयीन स्टाफ और नगर पालिका स्टाफ ने मिलकर स्वच्छता की शपथ ली, जिसे सीएमओ किशन सिंह ठाकुर ने दिलाया। संपूर्ण आयोजन के दौरान नगर पालिका और विद्यालय का स्टाफ सक्रिय रूप से मौजूद रहा।

# जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न हुई । बैठक में नाबार्ड से आए अधिकारी विकास कुमार जैन द्वारा एग्री क्लिनिक और एग्री बिजनेस केंद्र ,अनुदान उक्त योजना को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत जानकारी दी गई तथा जिले को प्राप्त वार्षिक साख योजना , लक्ष्य के विरुद्ध प्रथम तिमाही में 40 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है।
बैठक में कलेक्टर द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं का प्रसार प्रचार हेतु निर्देशित किया गया तथा त्वरित लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिले में संबंधित विभागों को 150 प्रतिशत लक्ष्य के विरुद्ध बैंकों में आवेदन प्रस्तुत करने तथा त्वरित बैंकों द्वारा स्वीकृति एवं वितरण करने हेतु निर्देश दिए। उनहेने कहा कि बैंकों में आरआरसी प्रकरण दर्ज है जिसमें सभी बैंकर्स तहसीलदारों से संपर्क कर वसूली करने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए । बैंकों द्वारा 63 करोड़ का आरआरसी प्रकरण दर्ज है जिसमें तहसीलदारों द्वारा वसूली से जिला की रेवेन्यू बढ़ाने की बात कही। साथ ही बैंकों को रिकवरी राशि की ब्रिस्क राशि अविलंब जमा करने की बात कही।
आरबीआई भोपाल से आए रामनागर द्वारा बैंकर्स को आरकेवायसी पेंडेंसी खत्म करने हेतु प्रयास करने की बात कही।जिले की सीडी रेसियो 34प्रतिशत जिसे बढ़ाने हेतु महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा खनिज विभाग को व्यापारियों से बैठक कर जिले के बैंकों में ऋण कराने में सहयोग करने हेतु कलेक्टर ने निर्देष दिए। एसबीआई आरसेटी संस्था द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें क्रेडिट लिंकेज कराने में विभाग रुचि लेकर प्रशिक्षित युवाओ को व्यवसाय में सहयोग प्रदान के लिए निर्देशित



किया गया । बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया अभय सिंह , आरबीआई भोपाल से एलडीओ रामनागर , नाबार्ड से डीडीएम विकास कुमार जैन , तथा जिले के संबंधित समस्त विभाग प्रमुख, महाप्रबंधक,जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र उमरिया, सहायक आयुक्त जनजातिय कार्य विभाग,उप संचालक पशुपालन विभाग,सहायक उप संचालक उद्यानिकी,जिला कार्यक्रम प्रबंधक ,मत्स्य विभाग, एवं समस्त शाखा प्रबंधक , एसबीआई मुख्य प्रबंधक निशांत बाजपेई उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सेवक राम सोनवानी द्वारा किया गया तथा सभी अधिकारियों को आभार धन्यवाद के साथ सभा की समाप्ति की घोषणा की गई।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टीम गठित

**उमरिया।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना अंतर्गत मिशन संचालक राज्य स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत इस वर्ष भी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्व्च्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जाना है ।इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा स्वच्छोत्सव की थीम पर किया जाना है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है । समिति में सीईओ जिला पंचायत सदस्य सचिव तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी , कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जनसंपर्क अधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन , मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद चंदिया, नौरोजाबाद, मानपुर, पाली, जन अभियान परिषद, नेहरू युवा केंद्र सदस्य होगे।









## भगवान विश्वकर्मा जयंती पर श्रद्धालु में रहा उत्साह

**शहडोल।** जिला मुख्यालय में भगवान विश्वकर्मा जयंती को लेकर श्रद्धालु उत्साह और भक्ति में डूबे नजर आए। शहर में जगह-जगह भगवान विश्वकर्मा की मूर्तियां स्थापित की गईं। मोहल्लों और बाजारों तक श्रद्धालुओं ने साज-सज्जा और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मूर्तियों को विराजमान किया। पूजन-अर्चन के दौरान भक्तों ने कार्यक्षेत्र में उन्नति, परिवार की खुशहाली और समाज की समृद्धि की कामना की। वहीं, युवाओं और स्थानीय समितियों ने जगह-जगह प्रसाद और भंडारे का आयोजन भी किया। इस अवसर पर वातावरण पूरी तरह भक्ति और आस्था से सराबोर रहा। धार्मिक आयोजनों के चलते शहरभर में विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## चिल्हारी में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** देश के प्रधानमंत्री के जन्म दिवस 17 सितम्बर से प्रारंभ हुए स्वच्छता पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत चिल्हारी में कार्यक्रम संपन्न हुआ । पखवाड़ा अंतर्गत साफ सफाई की गई । कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को अपने आस पास के वातावरण को साफ सुथरा रखने की शपथ दिलाई गई । कार्यक्रम में जनपद सदस्य विजय द्विवेदी , सरपंच अरुणा कोल , सचिव शुभदेश श्रीवास्तव , जया सेवा समिति अध्यक्ष देव प्रकाश गौतम, परामर्शदाता अन्नपूर्णा सोनी, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष राजश्री मिश्रा , रुकमणि सोनी, अजय शर्मा, पवन गुप्ता उपस्थित रहे ।








## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्राम ताला में कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्राम पंचायत ताला के हाट बजार से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताला के छात्र , छात्राओ एवं शिक्षको ने स्वच्छता रैली निकाली । रैली ने बाजार का भ्रमण किया। रैली के माध्यम से आम जनों को अपने आस पास के वातावरण में स्वच्छता बनाये रखनें का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत ताला के सरपंच, उपसरपंच, सचिव, मेट, स्वच्छता मित्र सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

# विशेष कांबिंग गश्त अभियान में 8 वारंटी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के आदेशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना राजनगर पुलिस ने विभिन्न प्रकरणों में वारंटियों की तलाश कर कार्यवाही की। इस दौरान पुलिस टीम ने कुल 08 वारंटियों की तामील की, जिसमें 02 स्थायी वारंटी, 02 वसूली वारंटी एवं 04 गिरफ्तारी वारंटी सम्मिलित हैं। स्थायी वारंटी मे प्रकरण क्रमांक 460/24, धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) ठछै आरोपी सूरज उर्फ बाबूलाल कोल पिता स्व. समयलाल कोल, निवासी न्यू डोला, रामनगर। प्रकरण क्रमांक 1258/18, धारा 341, 294, 323, 506 ठछै आरोपी शिव उर्फ शशांक चौहान पिता रामगोपाल चौहान, निवासी ब्ल० दफाई, राजनगर।वसूली वारंटी मे प्रकरण क्रमांक 247/23, धारा 125 (3) भरण-पोषण आरोपी श्यामलाल पिता सुंदरलाल सिंह गौड़, उम्र 63 वर्ष, निवासी बरतुराई। प्रकरण क्रमांक 193/23, धारा 125(3) भरण-पोषण आरोपी भुवनेश्वर पिता लोकनाथ केवट, उम्र 35 वर्ष, निवासी आमडंडा। गिरफ्तारी वारंटी मे प्रकरण क्रमांक 398/22, धारा 294, 323, 506, 34 आरोपी प्रवेश राय पिता विपिन राय, उम्र 24 वर्ष, निवासी न्यू डोला। प्रकरण क्रमांक 398/25, धारा 294, 323, 506, 34 आरोपी अर्जुन कोल पिता जियालाल कोल, उम्र 31 वर्ष, निवासी न्यू डोला। प्रकरण क्रमांक 837/24, धारा 130, 117(3) अधिनियम 1988 आरोपी छात्रधारी चौधरी पिता स्व. खिलावन चौधरी, उम्र 45 वर्ष, निवासी बेलिया छोट, थाना बिजुरी। प्रकरण क्रमांक 323/22, धारा 294, 323, 506, 34 आरोपी राम भूषण चौधरी पिता हिरालाल चौधरी, उम्र 24 वर्ष, निवासी फुलकोना। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सुमित कौशिक के नेतृत्व में उप निरीक्षक फूलवती अहिरवार, एएसआई अशोक सिंह, एएसआई विनोद नहर, प्रधान आरक्षक सनत द्विवेदी, प्रधान आरक्षक अमित पटेल, आरक्षक अनुराग सिंह, आरक्षक अनुराग भार्गव एवं आरक्षक मूरत सिंह की अहम भूमिका रही।

# बिजुरी पुलिस ने की 9 वारंट की तामीली

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान द्वारा जिले में अपराधो में नियंत्रण एवं फरार चल रहे वारंटी की तामीली हेतु निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में थाना प्रभारी बिजुरी विकास सिंह, सउनि उदय प्रजापित, सउनि आर.एन, सउनि रविकरण पयासी, प्र.आर. 43 गुपाल यादव, प्र.आर. 87 बसन्त कोल, आर. प्रभाकर त्रिपाठी, आर. लक्ष्मण डांगी, आर. सुनील यादव के द्वारा दिनांक 16 सितम्बर को कोबिंग गस्त के दौरान वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया जिसमें अमनदीप सिंह छावडा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोतमा न्याया से आरसीटी क्र. 95/22 के वारंटी कौशल उर्फ सुनील परौहा पिता स्व. लालमन परौहा उम्र 31 वर्ष निवासी माइनस कालोनी बिजुरी, न्याया के एससीएनआईए/12/25 धारा 138 के वारंटी देवेन्द्र चौधरी पिता रामदास चौधरी निवासी वार्ड नं. 09 अम्बेडकर नगर माइनस कालोनी बिजुरी, आरसीटी नं. 910/22 धारा 324,294,323,506 ताहि0 के वारंटी ओमिल सिंह पिता स्व. भवन सिंह उम्र 48 वर्ष निवासी कटकोना, न्याया अरविन्द कुमार बरला व्यवहार न्यायाधीश से एमजेसीआर /91/19 धारा 125,3 का वसूली वारंटी पुरुषोत्तमदास पिता नारायन महरा उम्र 40 वर्ष निवासी बैहाटोला, न्याया0 अमनदीप छावडा के न्यायालय से जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंट प्र.क्र. क्र. 2316/21 अप.क्र. 81/21 धारा 294,323,506 ताहि के वारंटी कैलाश साहू पिता भूरा साहू उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कटकोना, न्याया0 के एससीएनआईए/71/24 एवं 70/24 धारा 138 अधिनियम के वारंटी गौरीश गुप्ता पिता आर.के. गुप्ता निवासी मनेन्द्रगढ रोड बिजुरी, न्याया0 के एससीईएलई/212/25 धारा 135 विधुत अधिनियम के वारंटी रामकरण केवट पिता गणेश केवट उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम बैहाटोला थाना बिजुरी, न्याया के आरसीटी 712/20 धारा 294,323,506,34 ताहि के वारंटी बबली केवट पिता छोटेलाल केवट निवासी पडरीपानी, अरविन्द कुमार बरला के न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट के प्रकरण क्र. 836/20 धारा 294,323,506 ताहि के वारंटी रवि कुमार कोल पिता राजकुमार कोल उम्र 30 वर्ष निवासी पडीपानी बिजुरी थाना जिला अनूपपुर को गिरफ्तारी कर न्यायालय पेश किया गया।

**खबर संक्षेप**

### निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से दिया गया स्वच्छता का संदेश

**शहडोल।** डीपीसी अमरनाथ सिंह ने बताया कि सेवा पखवाडा कार्यक्रम के तहत प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियो द्वारा सेवा पखवाडा कार्यक्रम के तहत दौड़ प्रतियोगिताएं, निबंध प्रतियोगिताएं, पोस्टर आदि के माध्यम से स्वच्छता का संदेश जनमानस को दिया जा रहा है। इसी श्रृंखला में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढार की छात्राओ द्वारा निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया तथा स्वच्छता का संदेश जनमानस को दिया गया।

### मोहनराम तालाब में सफाई के लिए किया गया श्रमदान



**शहडोल।** सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत नगर पालिका शहडोल में स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया गया। गांधी स्टेडियम शहडोल में एनसीसी, एनएसएस तथा स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं तथा नगर पालिका के स्टाफ सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। गांधी स्टेडियम शहडोल से नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई स्वच्छता रैली निकाली गई, जो मोहनराम तालाब में पूरी हुई। नगर के धार्मिक स्थल मोहनराम मंदिर परिसर एवं मोहनराम तालाब की साफ-सफाई रैली मे शामिल लोगों द्वारा किया गया। स्वच्छता के लिए आयोजित श्रमदान में नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुन्देला, पार्षद पूर्णेन्द्र मिश्रा, हीरालाल प्रजापति, शिल्लू रजक, उपयंत्री सुखेन्द्र सिंह, स्वच्छता निरीक्षक मोतीलाल सिंह, पुनीत त्रिपाठी, अनिल महोबिया, सत्यकाम मिश्रा, तथा एनसीसी एवं एनएसएस के कैडटों के साथ ही नगरवासियों ने श्रमदान में भाग लिया।

### 20 सितम्बर को नवसाक्षरों की साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा

**शहडोल।** जिले में नवसाक्षरों की साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा 20 सितम्बर (शनिवार) को आयोजित की जाएगी। जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्रीमती सावित्री सोनी ने बताया कि भारत सरकार के आदेशानुसार यह परीक्षा प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक जिलेभर में एक साथ होगी। इसके लिए कुल 800 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले में कुल 1,83,422 असाक्षर चिन्हांकित किए गए थे, जिनमें से अब तक 1,01,514 नवसाक्षर सफल हो चुके हैं। शेष असाक्षरों को वर्ष 2027 तक पूर्ण साक्षर करने का लक्ष्य रखा गया है। 20 सितम्बर की परीक्षा में लगभग 40 हजार नवसाक्षर शामिल होंगे। इनमें विकासखण्ड ब्यौहारी, जयसिंहनगर, बुढ़ार और सोहागपुर से 9,500-9,500 तथा गोहपारू से 2,000 नवसाक्षर शामिल होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला स्तर पर परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जिला शिक्षा अधिकारी को विकासखण्ड ब्यौहारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को सोहागपुर, जिला परियोजना समन्वयक को बुढ़ार, जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी को गोहपारू तथा डाईट प्राचार्य और उनके अधीनस्थ व्याख्याताओं को जयसिंहनगर की निगरानी का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा संकुल प्राचार्य, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, जनशिक्षक और प्रधानाध्यापकों को नोडल अधिकारी बनाकर परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परीक्षा सामग्री 19 सितम्बर तक सभी केंद्रों पर बीआरसीसी के माध्यम से पहुंचा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा न केवल साक्षरता दर को बढ़ाने का महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि असाक्षरों को सामाजिक और शैक्षिक मुख्यधारा से जोडने का भी माध्यम है।

## आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनी हर खदान और कार्यस्थल में गूंजे जयकारे

# पूरे कोयलांचल में भक्ति का सैलाब

सोहागपुर कोयलांचल बुधवार 17 सितंबर को भक्ति, आस्था और उत्सव से सराबोर रहा। आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती को लेकर अमलाई ओसीएम, रामपुर बटूरा, बंगवार, दामिनी, खैरहा, राजेन्द्रा, शारदा ओसीएम, रीजनल वर्कशॉप और फिल्टर प्लांट सहित हर खदान व संस्थान में सुबह से ही श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा।





धनपुरी।

मूर्ति स्थापना, हवन-पूजन और झंडारोहण के बाद जगह-जगह भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।महाप्रबंधक बने श्रद्धा के सहभागीसोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक संदीप एस. पराचपे (डीटी) अमलाई ओसीएम पहुंचे। उन्होंने पूजा और हवन कर प्रसाद ग्रहण किया और अन्य खदानों का भी दौरा किया। इस अवसर पर उपक्षेत्रीय प्रबंधक पी. रबन्न, अल्बर्ट पाल, संजय कुमार सिंह, बी. हरिबाबू, वी. बालाकृष्णा, डी.आर. कुर्रे, राजेश खंपरिया, मंशाराम मंडारी सहित सभी प्रमुख अधिकारी भी पूजा-अर्चना और भंडारे में शामिल हुए।अमलाई ओसीएम में विशाल भंडाराअमलाई ओसीएम परिसर में सुबह से ही पूजा-अर्चना का क्रम शुरू हो गया था। दोपहर 1 बजे से प्रारंभ हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे क्षेत्र ने मेले जैसा रूप ले लिया। बंगवार माइंस में पूजा और भंडाराबंगवार भूमिगत माइंस परिसर में औजारों की साफ-सफाई, झंडारोहण और भगवान विश्वकर्मा की पूजा पारंपरिक रीति से सम्पन्न हुई। खान प्रबंधक डी.आर. कुर्रे ने पूरे भाव से पूजा कराई और भंडारे का आयोजन किया। ग्रामीणों और कर्मचारियों ने मिलकर प्रसाद ग्रहण किया।दामिनी माइंस में तन-मन-से सेवादामिनी भूमिगत माइंस में विश्वकर्मा पूजा समिति संरक्षक उपक्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार सिंह और खान प्रबंधक राजेश खंपरिया ने तन-मन-से सेवा भाव दिखाते हुए भव्य पूजा सम्पन्न कराई। भंडारे में आए सभी आगंतुकों का स्वागत कर उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया गया।खैरहा व राजेन्द्रा माइंस में उत्सव का माहौलखैरहा और राजेन्द्रा माइंस परिसर में भी उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। खान प्रबंधक मंशाराम मंडारी और वी. बालाकृष्णा के नेतृत्व में मूर्ति स्थापना और पूजा सम्पन्न हुई। अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीणों की भारी उपस्थिति में भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।रीजनल वर्कशॉप में भी हुआ आयोजनरीजनल वर्कशॉप में मैनेजर सिद्दीकी साहब ने उत्साहपूर्वक पूजा का आयोजन किया। यहां महाप्रबंधक सहित सभी अधिकारियों ने एक साथ प्रसाद ग्रहण किया और भगवान विश्वकर्मा की जयकारों से वातावरण गूंज उठा।पूरे कोयलांचल क्षेत्र में भगवान विश्वकर्मा की जयंती सिर्फ धार्मिक उत्सव नहीं रही, बल्कि श्रम, आस्था और सामूहिक एकता का प्रेरणादायी संदेश बन गई।

## मोदीजी के जन्मदिवस पर भाजपाइयों ने चलाया सेवा अभियान अस्पताल व मंदिर में हुआ सफाई कार्य, मरीजों को बांटे फल



धनपुरी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरी और नगर के प्रसिद्ध राधाकृष्ण मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान मरीजों को फल वितरित किए गए और साफ-सफाई कर जनजागरण संदेश दिया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी और विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रविंदर कौर छबड़ा उपस्थित रहीं। दोनों अतिथियों ने कार्यकर्ताओं के साथ श्रमदान करते हुए सफाई की और मरीजों को फल बांटे।भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा के मार्गदर्शन में आयोजित इस सेवा अभियान में जिले और नगर के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।नेताओं में दौलत मनमानी, सरिता शर्मा, विनीता जायसवाल, शशि उपाध्याय, हेमंत सोनी, आनंद कचेर, अरविंद सिंह, मंदाकनी तिवारी, चंद्रप्रकाश गुप्ता, जगदीश सेन, मोहन सोनी, राजवीर द्विवेदी, नीरज पाल, मुकेश कैथवास, सदन लाल कपूर, जवाहर जसवानी, भोला पनिका, विजय यादव, अरविंद रजक, जयंत जसवानी, सुरेश विश्वकर्मा, विनय सिन्हा, गुड्डू दहिया, कैलाश सोनकर, राकेश विश्वकर्मा, दीपक दहिया, राजकुमार सोनी, देवीदीन दहिया, जीवेश मिश्रा, मथुरा जायसवाल, उमेश कुमार सिंह, कमल किशोर पाठक, ऋषि शर्मा, अविनाश विश्वकर्मा, रोहणी दहिया, संजू ध्यानी, दीपक मांझी, रोहणी वर्मन, राम द्विवेदी, दीपक राय व सचिन दहिया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सेवा पखवाड़ा अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने अस्पताल व मंदिर में श्रमदान कर यह संकल्प लिया कि स्वच्छता और सेवा ही संगठन की असली पहचान है।




## नरेंद्र मोदी जी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार

ब्यौहारी।



**ब्यौहारी।** दिनांक 17.09.2025 को सिविल अस्पताल ब्यौहारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार का आयोजन सिविल अस्पताल ब्योहारी के परिसर में किया गया। धार जिले से माननीय प्रधानमंत्रीजी द्वारा स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। माननीय प्रधानमंत्री के वर्चुअल उदबोधन को ब्यौहारी विधायक शरद जुगलाल कोल जी मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ निशांत सिंह परिहार बीईई श्रीमती किरण पटेल, बीपीएम डी पी भुर्तीया ,बीसीएम रामकल्याण सिंह बैस, आर बी सिंह महिला बाल विकास से परियोजना अधिकारी श्रीमती रोशनी तिवारी सभी अस्पताल स्टाप आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिको ने देखा व सुना, इस अवसर पर बड़ी संख्या में आमजन एवं महिला शक्ति उपस्थित रही।



### सिक्योरिटी गार्डों ने वेतन और पीएफ में हो रही गड़बड़ी को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अमलाई।** शारदा ओपन कास्ट माइनिंग, मिनसोल कंपनी में तैनात सिक्योरिटी गार्डों ने वेतन, पीएफ और बोनस भुगतान में हो रही अनियमितताओं के खिलाफ कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की है।गौरतलब है कि सर्वशक्ति सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत लगभग 27 से 28 कर्मचारी कार्यरत हैं, जो एसईसीएल शारदा ओपन कास्ट माइनिंग क्षेत्र में सुरक्षा का दायित्व निभा रहे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा नियमित रूप से वेतन में कटौती की जा रही है, वहीं पीएफ और बोनस का भुगतान भी सभी को नहीं किया जाता।कर्मचारियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि जब कोई गार्ड अपने यूएन नंबर की मांग करता है, तो ठेकेदार उसे बिना किसी नोटिस के काम से हटा देता है। इसके अलावा वेतन भुगतान के समय हाजिरी रजिस्टर में मनमाने ढंग से 2 से 4 दिन की हाजिरी काट दी जाती है। कई बार रजिस्टर कर्मचारियों को दिखाए बिना ही उनसे खाली वाउचर पर हस्ताक्षर करवा लिए जाते हैं।गार्डों का कहना है कि वे माहभर नियमित रूप से ड्यूटी करते हैं, फिर भी उन्हें पूरा वेतन नहीं मिल पाता। इससे उनके सामने आर्थिक संकट की स्थिति पैदा हो रही है।कर्मचारियों ने जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि मामले की जांच कराई जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि उनके वेतन, पीएफ और बोनस के पैसे कहां जा रहे हैं। साथ ही दोषी ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## बकहो परिषद के जनप्रतिनिधि सिर्फ़ दिखावे के सफाईदार! अपने क्षेत्र बकहो को छोड़ बटुरा में सफाई बकहो में गंदगी के ढेर बच्चों को खुद साफ़ करना पड़ रहा, मैदान का खेलने योग्य कुछ हिस्सा

अमलाई।







नगर परिषद बकहो के जनप्रतिनिधियों की लापरवाही अब खुलकर सामने आ रही है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कुछ पार्षद अपने-अपने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की बजाय सफाई मजदूरों को लेकर बकहो से 10 किमी. दूर बटुरा में झाड़ू लगवा रहे हैं और फोटो-वीडियो खिंचवाकर वाहवाही लूट रहे हैं। दरअसल भाजपा के सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार को बकहो के जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता अभियान के तहत यह आयोजन किया जहां कैमरे के सामने कुछ देर झाड़ू लगाकर भाजपा के शीर्ष नेताओं तक स्वच्छता अभियान के प्रति एक्टिव होने का संदेश दिया गया किन्तु अपने परिषद क्षेत्र बकहो को छोड़कर ग्राम पंचायत बटुरा पहुंचकर अभियान चलाया जबकि नगर परिषद बकहो में स्वच्छता अभियान की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। इधर हकीकत यह है कि नगर परिषद बकहो के अंतर्गत दुर्गा पंडालों के सामने आज भी कचरे के ढेर लगे हैं। परिषद का सफाई अभियान सिर्फ़ कैमरे तक सीमित रह गया है, धरातल पर कुछ भी काम नहीं हो रहा। जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए है।साई मंदिर ग्राउंड और वार्ड क्रमांक 4 के मैदानों की स्थिति शर्मनाक है। घास, प्लास्टिक, सीसी बोतलें और गाजर घास मैदानों में फैली हुई हैं। इन मैदानों में बच्चे रोज खेलते हैं लेकिन गंदगी और अव्यवस्था ने खेल का माहौल बिगाड़ दिया है।ग्रामीणों ने बार-बार परिषद से मैदान की सफाई की मांग की, लिखित शिकायतें दीं, लेकिन परिषद के कानों पर जूँ तक नहीं रेंगी। आखिरकार बच्चों को ही मजबूर होकर मैदान की खेलने योग्य हिस्सा में फैली घास स्वयं काटनी पड़ी ताकि वे खेल सकें।स्थानीय लोगों का कहना है कि बकहो के जनप्रतिनिधि सिर्फ़ प्रचार के लिए सफाई का ढोंग कर रहे हैं। बकहो की जनता गंदगी और लापरवाही से जूझ रही है, लेकिन परिषद के जिम्मेदारों को सिर्फ़ फोटो-वीडियो से नाम कमाना है।

## जिला अस्पताल में गर्भवती महिला के साथ अभद्र व्यवहार

# सीएमएचओ ने जांच टीम बनाई

शहडोल।



जिला अस्पताल में लापरवाही और प्रशासनिक अनदेखी का नया मामला सामने आया है। अफरोज अंसारी, निवासी भालूमाड़ा, ने आरोप लगाया कि उनकी गर्भवती पत्नी सिरीन अंसारी को प्रसव कराने के बजाय अस्पताल कर्मचारियों ने अपमानित किया और प्राइवेट अस्पताल जाने को कहा। घटना ने जिला प्रशासन की गंभीरता और अस्पताल में मॉनिटरिंग की कमी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अफरोज ने बताया कि वे पत्नी को जिला अस्पताल लेकर गए और भर्ती के लिए पर्ची कटवाई। उस समय इमरजेंसी ड्यूटी में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। वे अपनी पत्नी को मित्र न्याज और चाची के साथ डिलीवरी वार्ड में ले गए, जहां उनकी पत्नी दर्द से कराह रही थी। वार्ड में मौजूद ड्यूटी डॉक्टर और दो नर्स ने अपमानजनक व्यवहार किया। एक नर्स ने चेकअप के बाद कहा कि रात में सोते समय दिमाग खराब करने चले आते हो, दिन में समय नहीं मिलता क्या? और मरीज को किसी प्राइवेट अस्पताल ले जाने की सलाह दी।

स्थिति गंभीर देख अफरोज ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई और पत्नी को निजी अस्पताल ले गए, जहां सुबह 4 बजे सफल प्रसव हुआ। अफरोज ने आरोप लगाया कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की जाती, तो उनकी पत्नी की जान जोखिम में पड़ सकती थी। उन्होंने ड्यूटी डॉक्टर, नर्स और सिविल सर्जन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है, जो सात दिनों में रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट में दोषी पाए जाने पर डॉक्टर और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

समाजसेवियों ने इस घटना को लेकर जिला प्रशासन और स्थानीय विधायक पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि यदि अस्पताल की समय-समय पर मॉनिटरिंग होती तो ऐसे मामले सामने ही नहीं आते। पहले के अधिकारी नियमित निगरानी करते थे, जिससे स्टाफ पर कार्रवाई का डर रहता था, लेकिन अब लापरवाही बढने के कारण शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। जिला अस्पताल में यह घटना प्रशासनिक उदासीनता, डॉक्टर और नर्सों की लापरवाही और मॉनिटरिंग की कमी का नतीजा है। अफरोज अंसारी की शिकायत ने यह साबित कर दिया कि गंभीर स्वास्थ्य मामलों में मरीज और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करना अब भी चुनौती बना हुआ है।

# पी.एम. उषा योजना अंतर्गत प्रमाण पत्र वितरण समारोह संपन्न

शहडोल।



पं. शम्भूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के नवलपुर परिसर स्थित माता शबरी बहुउद्देश्यीय भवन में पी.एम. उषा योजना (सॉफ्ट कॉम्पोनेंट) के तहत प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में योग एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

समारोह की मुख्य अतिथि जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह रहीं, जबकि अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राम शंकर ने की। विधायक सिंह ने छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण को बेहद ज़रूरी बताते हुए कहा कि यह शारीरिक सशक्तिकरण के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। उन्होंने छात्रों की सुविधा के लिए एक और बस उपलब्ध कराने का सुझाव दिया, जिसे कुलपति ने तत्क्षण स्वीकृति दी।

कुलपति प्रो. राम शंकर ने इसे विद्यार्थियों को रोजगारपरक, आत्मनिर्भर और स्वस्थ बनाने की दिशा में अहम पहल बताया। प्रो. प्रमोद पांडेय ने योग और आत्मरक्षा को जीवन जीने की कला कहा। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रचना मिश्रा ने नई शिक्षा नीति से योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डाला, वहीं डॉ. रवि वर्मा (जिला नोडल अधिकारी, सेड मैप) ने छात्रों को योजनाओं की जानकारी दी। समारोह का संचालन डॉ. आदर्श तिवारी ने और आभार प्रदर्शन प्रो. आशीष तिवारी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, प्राध्यापक और विश्वविद्यालय अधिकारी मौजूद रहे।

### खबर संक्षेप

## जिला जेल में आयोजित किया गया शिविर



**अनूपपुर।** श्रीमती माया विश्वलाल, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर के निर्देशानुसार, जिला जेल अनूपपुर में बंदियों के अधिकार एवं प्लीवार्गेमिंग के संबंध में शिविर आयोजित किया गया। साथ ही सजायाफ्ता महिला एवं पुरूषों की सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं उच्च न्यायालय, जबलपुर में अपील व जमानत आवेदन प्रस्तुत कराये जाने के संबंध में जानकारी दी गई एवं जिन सजायाफ्ता बंदियों की अपील व जमानत सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर में नहीं कराई गई है विधिक सहायता के माध्यम से उक्त बंदियों की अपील व जमानत के आवेदन पत्र माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर में प्रस्तुत कराने के लिए आवेदन पत्र भरवाये गये। उक्त शिविर में विनोद कुमार वर्मा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर' एवं बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी, इंद्रदेव तिवारी उप जेल अधीक्षक, रामकृष्ण सोनी डिप्टी चीफ लीगल एड् डिफेंस काउंसिल श्रीमति शोभा पटेल असिस्टेंट लीगल एड् डिफेंस काउंसिल आयुष सोनी, असिस्टेंट लीगल एड् डिफेंस काउंसिल व विकास शुक्ला असिस्टेंट लीगल एड् डिफेंस काउंसिल एवं जिला जेल अनूपपुर के कर्मचारीगण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अंतर्राज्यीय बॉर्डर के थानों व अनुविभागीय अधिकारियों की संयुक्त बैठक संपन्न



**अनूपपुर।** थाना रामनगर में मधुबन क्लब में अंतर्राज्यीय बॉर्डर पर अपराधों की रोकथाम के लिए संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में चोरी, पशु क्रूरता, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब तथा अन्य अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान सीमा क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों की पहचान एवं गतिविधियों की जानकारी आपस में साझा की गई। साथ ही, अपराधियों पर शीघ्र नकेल कसने तथा आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्यवाही करने पर जोर दिया गया। बैठक में कोतमा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही एवं मनेंद्रगढ़ अनुभाग के पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

## रेल्वे ब्रिज अनूपपुर से चंदास नदी में गिरे अधेड़ व्यक्ति की मौत

**अनूपपुर।** गुरुवार की सुबह रेल्वे स्टेशन मास्टर अनूपपुर के द्वारा थाना कोतवाली में लिखित जानकारी भेजी गयी की अनूपपुर-शहडोल रेल लाईन पर अनुपपुर में बने रेल्वे ब्रिज के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली अनूपपुर में मर्ग क्रमांक 76/25 धारा 194 बीएनएसएस पंजीबद्ध किया जाकर जांच की गई। टीआई कोतवाली अनूपपुर के साथ सहायक उपनिरीक्षक कमलेश सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक शेख रसीद, आरक्षक अब्दुल कलीम, आरक्षक प्रकाश तिवारी के द्वारा मौके पर पहुंचकर अण्डरब्रिज के ठीक नीचे चंदास नदी के बाजू से पड़े हुए शव को कड़ी मशक्कत के बाद ऊपर लाया गया एवं अज्ञात व्यक्ति के शव के शिनाख्तगी के प्रयास किये गये जो पिंका कोल ग्राम निवासी ग्राम कासा ने मृतक को अपना पिता नत्थू कोल पिता गोलाई कोल उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम कांसा अनूपपुर का होना पहचाना है। पुलिस द्वारा मृतक का शव पी.एम.हेतु जिला अस्पताल अनुपपुर भेजा गया है। पुलिस की प्रारंभिक जाँच में पाया गया कि मृतक नत्थू कोल निवासी कांसा का रहने वाला है जो ग्राम मेडियारास से अपनी ससुराल से कल लोट रहा था, जिसे कुछ व्यक्तियों के द्वारा रेल्वे ब्रिज के पास शराब के नशे में देखे जाने पर ब्रिज पर न घूमने हेतु टोका गया था जिसकी शराब के नशे में रेल्वे ब्रिज पर चलते समय रेल्वे ब्रिज से नीचे गिरने पर मृत्यु हो जाना पाया गया।

### सृष्टि के पहले वास्तुकार, शिल्पकार और इंजीनियर हैं भगवान विश्वकर्मा

# वास्तुकला के देव और सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा का हुआ पूजन



### औद्योगिक संस्थानों, मोटर गैरेज समेत विभिन्न कार्यालयों मे पूजे गये देव शिल्पी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** श्रमिकों और कारीगरों के आराध्य देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती बुधवार को जिलेभर में श्रद्धा, आस्था और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। जिले भर में पूजा आराधना व श्रद्धाभाव के साथ सार्वजनिक व निजी संस्थाओं में की गई। परंपरानुसार मूर्ति स्थापित कर व छायाचित्र के माध्यम से लोगों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों में एवं कार्य स्थल पर आय के स्रोत यंत्रों, लौह सामग्रियों की पूजा कर भगवान से कार्यक्षेत्र में उन्नति और तरक्की प्रदान किए जाने प्रार्थना की। यह पर्व नगर सहित विद्युत उत्पादक क्षेत्र चचाई व कालरी क्षेत्र में भक्तिभाव और उल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बाजार क्षेत्र में भी दिनभर पूजन का माहौल रहा।

### जगह-जगह विराजे श्रम के देवता

नगर व जिले के औद्योगिक संस्थानों और मोटर गैरेज, छापाखानों, फर्नीचर, चक्कियों, रेलवे के विभिन्न कार्यालयों में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर सभी श्रमिको द्वारा सामूहिक रूप से सम्मिलित होकर पूजा- अर्चना की। इस अवसर पर भव्य पंडाल और झांकियों की सजावट की गई थी। नगर के शासकीय कार्यालय पीएचई, पीडब्लूडी, जल संसाधन, विद्युत विभाग में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की स्थापना कर शिल्पी देव की पूजा हुई।

### आईटीआई और मोजर बेअर में पर्व का उल्लास

विश्वकर्मा जयंती जैतहरी नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी धूमधाम के साथ मनायी गई। नगर के विभिन्न प्रतिष्ठानों सहित स्थानीय आईटीआई भवन सहित विभिन्न कार्यालयों में श्रम के देवता श्री विश्वकर्मा जी की पूजा आराधना हुई। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में प्रतिवर्ष की तरह भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती में मुख्य अभियंता चचाई अपने कार्यालय में आयोजित पूजा में शामिल हुए तत्पश्चात उन्होंने अपने अधिनस्थ अधिकारियों के साथ पावर हाउस के सभी कार्यालयों में हो रही पूजा में उपस्थित होकर सभी को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामना प्रेषित की। प्लांट में विभिन्न कार्यालयों सहित ठेकेदारों के साइड आफिस में श्रद्धाभाव के साथ पूजन कार्यक्रम हुए। प्रतिवर्ष की तरह पावर हाउस को आमजनों के प्रवेश हेतु खोल दिया गया था। यहां आसपास से ग्रामीण व ऊर्जा नगरी के लोग पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए व प्रसाद प्राप्त किया तथा प्लांट में घूमने का अवसर प्राप्त किया।

### कालरी क्षेत्र में रही विश्वकर्मा पूजा की धूम

कोयलाचंल के राजनगर सब स्टेशन, वर्कशॉप, खदान, ओपनकास्ट, सीएचपी, बसस्टैण्ड स्थित गैरिजों समेत विभिन्न जगहों पर बड़े ही धूम धाम से विश्वकर्माजी की जयंती मनाई गई। यहां भी विश्वकर्मा जी की प्रतिमा रखी गई थी वहां श्रद्धालुओं ने जाकर दर्शन किये व प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह आमाडांड़, जमुना-कोतमा क्षेत्र और बिजुरी कालरी में विश्वकर्मा पूजन भक्तिभाव के साथ मनाया गया।

### हिंदुस्तान पावर परिसर पूजे गये देव शिल्पी

जैतहरी स्थित हिंदुस्तान पावर परिसर में पारंपरिक श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई। परंपरा में आदि शिल्पी, वास्तुकार और सर्वोच्च अभियंता माने जाने वाले विश्वकर्मा की पूजा में कामगारों, अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस असवर पर हिंदुस्तान पावर कंपनी के मुख्य सलाहकार, प्लांट हेड, ओएंडएम हेड, एचआर-एडमिन हेड समेत कई अधिकारियों ने पूजा और हवन में भाग लिया। आयोजन का समापन विशाल भंडारे से हुआ जिसमें कामगारों, अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मशीनों, कलपुर्जों, वाहनों आदि की मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान विश्वकर्मा से परियोजना के निर्बाध और सुरक्षित परिचालन के लिए आशीर्वाद लिया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा निर्माण के सर्वोच्च देवता है। उन्हें पहला अभियंता और आदि वास्तुकार माना जाता है। वास्तुदेव और अंगरिसी के पुत्र विश्वकर्मा का जन्म अश्विन मास के प्रतिपदा को हुआ था। भगवान विश्वकर्मा को सोने की लंका, इंद्रपुरी, यमपुरी, वरूणपुरी, पांडवपुरी, द्वारका, कुबेरपुरी, सुदामापुरी सहित अन्य का निर्माता बताया जाता है। पसान नगरपालिका कार्यालय में भगवान विश्वकर्मा का पूजन भक्ति भाव से किया गया, जहां पूजन बाद भजन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर अनूपपुर नगर पालिका परिसर के समस्त वाहनों को भी साफ सुथरा कर उनकी पूजा की गई।



### सीनियर सेक्शन कार्यालय में भगवान विश्वकर्मा का पूजन

इसी क्रम में सीनियर सेक्शन इंजीनियरिंग (रेल पथ) कार्यालय अनूपपुर में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं एवं रेलकर्मियों ने यंत्रों, मशीनों और उपकरणों की पूजा कर कार्यक्षेत्र में उन्नति और तरक्की की कामना की। पूरे नगर और आसपास के क्षेत्रों में दिनभर भक्तिमय माहौल रहा। पूजन के उपरांत 18 सितंबर को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या रेल कर्मचारी व नगर भक्तजन परिवार सहित पहुंचकर भगवान श्री विश्वकर्मा जी को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया, भगवान श्री विश्वकर्मा जी के पूजन व भंडारे में रेलवे मजदूर कांग्रेस के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, रेलवे अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय श्रद्धालु सम्मिलित हुए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा को आदि शिल्पी, प्रथम अभियंता और वास्तु देव माना जाता है। वे सोने की लंका, द्वारका और इंद्रपुरी जैसे पौराणिक नगरों के निर्माता भी माने जाते हैं। आयोजन को सफल बनाने में सीनियर सेक्शन इंजीनियर इंचार्ज (रेल पथ) अनुपम कुमार तिवारी, जूनियर इंजीनियर (रेल पथ) केदारनाथ साहू, कार्यालय अधीक्षक सिराज अहमद मंसूरी, ललन कुमार सिन्हा, संतोष पनगरे, एस संजीव राव, शंकर लाल राठौर अमलाई एवं अनूपपुर के समस्त ट्रैक मेन्टेनर तथा समस्त रेल कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## कन्या विद्यालय के सामने वाहनों की अघोषित पार्किंग



### नो एंट्री के आदेश का उल्लंघन, नहीं हो रही कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।** निर्देशों के बाद भी कोतमा नगर की यातायात व्यवस्था दिनों दिन बिगड़ती जा रही है। हालात यह है कि नगर के मुख्य बाजार कन्या स्कूल तिराहा में सुबह से लेकर देर शाम तक सड़क के दोनों ओर एवं आजाद चौक जाने वाले मार्ग में मालवाहक वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। जिसके कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। वाहनों के खड़े होने के कारण पैदल चलने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कन्या विद्यालय के समीप सड़क के दोनों तरफ खड़े वाहनों के कारण यह अघोषित ट्रांसपोर्ट नगर जैसा लगने लगा है।नगर के मुख्य बाजार में अघोषित रुप से बने ट्रांसपोर्ट नगर के कारण यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है। वर्तमान समय में त्योहारों की श्रृंखला प्रारंभ होने वाली है जिसकी वजह से खरीददारी करने आने वाले ग्राहकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### हादसे की आशंका

कन्या स्कूल तिराहा के पास सड़क के दोनों और पिकअप वाहन एवं अन्य वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। जिसके कारण सड़क के दोनों ओर से आवागमन करने वालों को वाहन नहीं दिखाई देते। जिसकी वजह से कई बार तो वाहन आपस में भिड़ गए और बड़ी दुर्घटना भी घटित हो गई । पूर्व में पुलिस विभाग के सहयोग से नगर पालिका के द्वारा इस स्थान पर खड़े हो रहे वाहनों को नगर के बाहर स्थानांतरित करवा दिया गया था,लेकिन वर्तमान में वाहन चालकों की मनमानी फिर से शुरू हो गई है।

### यातायात पुलिस का अभाव

वर्ष 2020 तक नगर में यातायात पुलिस मौजूद रहती थी। कोरोना काल के समय से नगर की यातायात पुलिस को वापस जिला मुख्यालय बुला लिया गया था। उसके बाद से आज तक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा यातायात पुलिस की व्यवस्था नगर में नहीं की गई जिसके कारण आए दिन यातायात व्यवस्था को लेकर नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। फुनगा हाइवे चौकी से कभी कभार यातायात विभाग के पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है। यदि इनकी ड्यूटी नियमित रूप से कोतमा नगर मे लगा दिया जाये तो काफी हद तक यातायात व्यवस्था मे सुधार हो सकता है। नगर में सुबह 9 बजे से देर शाम तक भारी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया है।नो एंट्री के आदेश के बाद भी बाजार में धड़ल्लें से भारी वाहन प्रवेश कर यातायात व्यवस्था को आईना दिखा रहे हैं। भारी वाहनों के प्रवेश करने के साथ ही बाजार में अव्यवस्था उत्पन्न हो जाती है।

### यहां लगता है जाम

नगर के मुख्य बाजार कन्या स्कूल तिराहा से लेकर टाकीज रोड आजाद चौक रोड में पिकअप वाहन एवं अन्य बड़े वाहनों को सड़क के दोनों और खड़ा कर दिया जाता है। जिसके कारण दूसरे वाहन चालकों को बाहर निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। साप्ताहिक बाजार के दिन तो हालात यह हो जाते हैं कि दो-दो घंटे लोग जाम में फंस जाते हैं। रही सही कसर मार्ग के किनारे खड़े दो पहिया वाहन पूरी कर देते हैं, बसों के निकलने के दौरान स्थिति और भी बदतर हो जाती है।

## तुलसी महाविद्यालय में छात्रों की समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन




**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** शासकीय तुलसी महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने लंबे समय से चली आ रही मूलभूत सुविधाओं की कमी पर नाराज़गी व्यक्त की है। इन्हीं समस्याओं को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के छात्र नेता नागेंद्र सेन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। छात्रों का कहना है कि वर्तमान समय में महाविद्यालय में अनेक आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने से विद्यार्थियों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में चार प्रमुख मांगों का उल्लेख किया गया जिसमे बस सेवा पुनः शुरू करने, कन्या कॉमन रूम खोले जाने, हेल्प डेस्क की स्थापना किये जाने, सैनिटरी पैड किट की सुविधा उपलब्ध कराये जाने की मांग की है। एनएसयूआई ने कहा कि यदि शीघ्र इन मांगों पर ठोस कार्यवाही नहीं की गई, तो संगठन आंदोलन करने पर बाध्य होगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी। छात्र नेता नागेंद्र सेन ने कहा कि महाविद्यालय छात्र-छात्राओं के भविष्य की नींव है। यदि यहां बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं होंगी तो विद्यार्थी कैसे अपना सर्वांगीण विकास कर पाएंगे। इसलिए हमारी मांगों का शीघ्र निराकरण होना चाहिए। ज्ञापन सौंपते समय कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में उम्मीद जताई कि प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेकर जल्द समाधान करेगा।

### चचाई फीडर के उपकेन्द्र में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी अवरुद्ध

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया कि उप संभाग राजेन्द्रग्राम अंतर्गत विद्युत वितरण केन्द्र राजेन्द्रग्राम से संबंधित 33/11 के.व्ही. लाईन, 11 के.व्ही. लाईन एवं ट्रांसफार्मरों का पोस्ट मानसून मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस कार्य के प्रभावी रूप से सम्पादन हेतु 19 सितम्बर को डी.ओ.सी.एम. चचाई फीडर के 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र से जुड़े समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक अवरुद्ध रहेगी। कार्य के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहने की समयावधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

## सेवा पखवाड़ा के तहत अमरकंटक में मंत्री ने चलाया स्वच्छता अभियान



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत अमरकंटक स्थित माई की बगिया परिसर में स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। श्री अहिरवार ने स्वयं झाड़ू लगाकर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना केवल सरकार या प्रशासन का ही दायित्व नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से आव्हान किया कि "स्वच्छता को केवल एक अभियान न मानें, बल्कि इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। स्वच्छ वातावरण से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुविधा तो मिलेगी ही, साथ ही प्राकृतिक सौंदर्य भी संरक्षित रहेगा।"

### संतों का सम्मान

प्रभारी मंत्री श्री अहिरवार ने अमरकंटक के प्रमुख संतों एवं विभिन्न आश्रमों के प्रतिनिधियों का सम्मान साल-श्रीफल प्रदान कर किया तथा उनके आशीर्वाद प्राप्त किए। इसके बाद मंत्रीजी ने संतजनों व श्रद्धालुओं के साथ बैठकर भोजन प्रसादी भी ग्रहण की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों में हीरा सिंह श्याम (जिला अध्यक्ष, भाजपा), रोशन पनारिया (मंडल अध्यक्ष, अमरकंटक), प्रभा पनारिया, बबीता सिंह, सोनू जैन, रूपेश द्विवेदी, कान्हा तिवारी, राजेश बर्मन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता, अधिकारीगण, महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे। सभी ने सामूहिक रूप से सफाई अभियान में भाग लिया और स्वच्छ भारत मिशन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## पपरौड़ी स्टेडियम में बलिदान दिवस पर आयोजन संपन्न




**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** खूंटा टोला पपरौडी स्टेडियम में आज महाराजा रघुनाथ शाह एवं कुंवर शाह का 167वां बलिदान दिवस बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे वातावरण में देशभक्ति और शौर्य की गूंज सुनाई दी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल रौतेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती राठौर, जिला पंचायत सदस्य रंजीत सिंह सराटी, तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष राजीव सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से महाराजा रघुनाथ शाह और कुंवर शाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि महाराजा रघुनाथ शाह और कुंवर शाह ने अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार करने के बजाय अपने प्राणों की आहुति देकर स्वाभिमान की रक्षा की। उनका अदम्य साहस आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। कार्यक्रम में दोनों शहीदों की संक्षिप्त जीवनी का भी उल्लेख किया गया। बताया गया कि महाराजा रघुनाथ शाह एवं उनके पुत्र कुंवर शाह गोंडवाना के वीर योद्धा थे, जिन्होंने 1858 के संघर्ष में भाग लेकर देश की आज़ादी के प्रति अपनी निष्ठा और बलिदान प्रदर्शित किए।